हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 2 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 अवैध शराब व गांज बिक्री के खिलाफ महिलाएं हुईं लामबंद

14 जन चौपाल के आवेदनों का समय सीमा में होगा निराकरण




# बीईओ के खिलाफ खोला मोर्चा, धरने पर बैठे समिति सदस्य

## छुट्टी पर चल रहे शिक्षक का होता रहा नियमित वेतन आहरण, किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन को निलंबित करने की मांग को लेकर सर्वदलीय नागरिक कल्याण समिति बीते 30 सितंबर से अनिश्चितकालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने धरना एवं भूख हड़ताल पर बैठे है। सर्वदलीय नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश कनौजे ने बताया कि पूर्व माध्यमिक शाला सुरबाय में पदस्थ शिक्षक संतराम अजय के पैर फैक्चर हो जाने के कारण गत 3 अगस्त 20 23 से 12 दिसम्बर 2023 तक मेडिकल अवकाश पर था, जिसके लिए शिक्षक संतराम अजय ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है, लेकिन मेडिकल अवकाश को गलत तरीके से स्वीकृत कर नियमित रूप से वेतन आहरण किया है। इसी प्रकार लगभग एक सौ से भी अधिक कर्मचारी पति-पत्नी एक साथ निवासरत हैं जिनका मकान भत्ता एक बार निकलना है किंतु दो-दो बार मकान भत्ता निकला जा रहा है, जिसकी शिकायत संबंधित उच्च अधिकारी एवं जिलाधीश को करने पर लगभग एक माह पूर्व जांच अधिकारी नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जांच किया है, जिसमें आरोप को सही पाया गया है। इसके बाद भी प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत ▶▶ शेष पेज 13 पर




### जांच प्रतिवेदन भेज दिए हैं

शिकायत मिली थी, इसके बाद मेरे द्वारा जनपद सीईओ और नायब तहसीलदार के माध्यम से जांच करायी गई थी। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद मेरे द्वारा अनुशंसा कर जिला कार्यालय भेज दिया गया है, जो भी कार्रवाई होगी वह जिला से होना है।
-भूपेन्द्र अग्रवाल, एसडीएम, कसडोल

## पीड़ितों ने सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन से लगाई थी छुड़ाने की गुहार

# कर्नाटक में बंधक 11 मजदूरों की घर वापसी

### स्थानीय ठेकेदार ने गुमराह कर पहले ले गया नागपुर, वहां से दूसरे ठेकेदार के साथ भेज दिया था कर्नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्रम विभाग ने ग्राम लाहोद के 3 बच्चे सहित 8 बंधक मजदूरों की कर्नाटक से सकुशल घर वापसी करायी है। इसमें 5 पुरुष एवं 3 महिला और 3 बच्चे शामिल हैं। ठेकेदार द्वारा प्रताड़ित करने की सूचना श्रमिकों ने जिला प्रशासन को सोशल मीडिया से दी थी। जिला प्रशासन ने श्रमिकों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए वहां के जिला प्रशासन से चर्चा की और उन्हें ठेकेदार के चंगुल से छुड़वाने के लिए बलौदाबाजार से टीम भेजी, जहां कर्नाटक के प्रशासनिक मदद से श्रमिकों छुड़ाया गया। इस पहल के लिए सभी श्रमिकों ने जिला प्रशासन का आभार जताया है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने श्रमिक बंधुओं से मुलाकात कर उनका हालचाल का जायजा लिया। श्री सोनी ने उनसे लालच से बचने की बात कहते हुए स्थानीय स्तर पर बहुत से रोजगार के अवसर उपलब्ध होने की बात कही। अतः अनजान जगहों में जाने से अच्छा स्थानीय स्तर में ही रोजगार का कार्य किया जाए।

आए मजदूर तोरण बंजारे ने बताया की हमें गन्ना कटाई मजदूर के नाम से लवन के पहचान वाले तेजराम पात्रे के माध्यम से 10 सितम्बर को नागपुर गए, वहां सप्ताहभर काम करने के बाद 17 सितम्बर को एक अन्य ठेकेदार द्वारा कर्नाटक के मंडिया जिले के अंतर्गत ग्राम कोपल्लू में गन्ना कटाई करने लगा दिया गया।

मालिक द्वारा न ही रहने, खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। साथ ही मजदूरी से अधिक अतिरिक्त कार्य कराई जा रहा था इससे हम लोगों को बड़ी ही तकलीफ हो रही थी। हमने घर वापसी करना चाहा तो उनके द्वारा न ही हमें आने देते थे एवं बंधक बनाकर ही मजदूरी का कार्य कराते थे। बाद में हमने सोशल मीडिया द्वारा अपनी पीड़ा साझा किए, जिससे आज हम लोगों की सकुशल घर वापसी हुई है।

श्रम विभाग की ओर से सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें सकुशल लाने हेतु कर्नाटक पहुंचे थे।



### जिला प्रशासन का जताया आभार

सकुशल वापसी पर सभी मजदूरों ने कलेक्टर बलौदाबाजार– भाटापारा एवं श्रम विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। बंधक मजदूरों में तोरण बंजारे, रोहित डहरिया, चुम्मन लाल बंजारे, धनजय बंजारे, गजेंद्र कुमार घृतलहरे, सोनी घृतलहरे, मंजू बंजारे, सविता डहरिया, बच्चों में विद्या बंजारे, अधिराज, अमित शामिल हैं। इस मौके पर जिला श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, श्रम निरीक्षक शशिकला साहू, सह श्रम निरीक्षक अभय दुबे, कोमल सिंह मरावी एवं गीतांजलि सिन्हा उपस्थित थीं।

## दुर्गा उत्सव के लिए हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

आगामी नवरात्रि को देखते हुए मंगलवार को थाना परिसर में शांती समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा, एसडीएम सीमा ठाकुर, तहसीलदार लिलाधर कंवर, नायाब तहसीलदार चुरेन्द्र ध्रुव, थाना प्रभारी केशर पराग सहित पत्रकारगण, दुर्गा समिति के सदस्य, विभिन्न ग्रामों के सरपंच, कोटवार व ग्रामीण शामिल हुए।बैठक में एसडीएम सीमा ठाकुर ने कहा कि नवरात्रि और दशहरा को देखते हुए गाइडलाइन का खयाल रखे। डीजे अथवा तेज ध्वनि का प्रयोग न करें, उत्सव मनाने के लिए पारंपरिक गाजे बाजे लगाए इससे स्थानीय लोगों को भी काम मिलेगा। थाना प्रभारी केशर पराग ने सुरक्षा की दृष्टी से दुर्गा समिति को रेत, बाल्टी, पानी का ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ वाद्य यंत्रों के लिए शासन की गाइड लाइन का अनुसरण करने दिए निर्देश

## खबर संक्षेप

### सट्टा-पट्टी और मोबाइल जब्त तीन युवक जेल दाखिल

**गोपालपुर।** थाना प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे द्वारा सोमवार को जुआ और सट्टा-पट्टी खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर सरसीवां के प्रेम लाल साहू पिता नारायण साहू 25 वर्ष, तोलीडीह निवासी 45 वर्षीय पुरुषोत्तम साहू पिता दौलत राम और रामचरण साहू पिता अवध राम 42 साल को मोबाइल पर सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 7370 रूपए एवं मोबाइल तथा सट्टा पट्टी जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 6 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे, प्रआर. ओम प्रकाश साहू, कुंजबिहारी निराला, मुनि अनंत, राजेंद्र बघेल, गायत्री साहू का विशेष योगदान रहा।

### स्वच्छता अभियान में शामिल होने वाले आज होंगे सम्मानित

**बलौदाबाजार।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम नगर पालिका द्वारा 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता रैली, रंगोली, निबंध चित्रकला, मैराथन, सायकिल रैली, श्रमदान, कबाड़ से जुगाड़, आनंद मेला एवं स्वच्छता की शपथ व आनंद मेला कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम नगर पालिका के जनप्रतिनिधयों के सहयोग से बच्चों एवं स्वच्छता द्वारा प्रतिभागी के रूप में अपनी भागीदरी निभाते हुये प्रतियोगिता में हिस्सा लिए। 2 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे नगर भवन में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### करंट की चपेट में आने से फसल देखने गए किसान की मौत

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से करिब 8 किलोमीटर में स्थित ग्राम लाफिन खुर्द में खेत देखने गए किसान की बिजली करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दाउलाल साहू (50 वर्ष) मंगलवार की सुबह 8.30 अपने खेत में फसल को देखने गये थे जहां खेत के मेड़ में बिछे बिजली तार के करंट की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। इसकी सूचना गांव वालों ने पुलिस प्रशासन को दी गई, जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज इस घटना को जांच विवेचना में लिया है।

### महिला और बेटी के साथ मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पचरी में महिला एवं उसके बेटी के साथ मारपीट करने का मामला समाने आया है। प्रार्थिया पुनेश्वरी मन्नाडे निवासी पचरी ने पुलिस को बताया है कि सोमवार की शाम करीबन 6 बजे वह अपनी लड़की रत्ना मन्नाडे के साथ घर में थी, उसी समय पड़ोसी चित्रकुमारी बंजारे, देवलक्ष्मी बंजारे, सेवती बंजारे ने घर अंदर घुसकर पुरानी रंजिश की हम दोनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दो लोगों से शराब जब्त

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने 30 सितंबर 2024 को मुखबिर की सूचना पर दो व्यक्तियों से ओडिशा राज्य निर्मित शराब जब्त कर उन्हें जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति देवलाल कुर्रे पिता हुमन कुर्रे (24 साल) तथा एवन दास उर्फ मानिक चेलक पिता भागीरथी चेलक (29 साल) निवासी थाना कोमाखान का रहने वाला बताया।

## बतख खाने पहुंचे तेंदुए को ग्रामीणों ने कमरे में किया कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के देवपुर रेंज अंतर्गत ग्राम बया के वार्ड 7-8 के घनी आबादी के बीच बतख का शिकार करने पहुंचा तेंदुआ को ग्रामीणों ने कमरे में कैद कर लिया। वन विभाग, देवपुर रेंज के ग्राम बया का मामला है। सुबह तकरीबन 5 बजे ग्राम बया के दादर पाड़े के घर में शिकार करने बेबी तेंदुआ पहुंचा था।

■ घर में घुसने पर परिवार आया दहशत में, वन विभाग की टीम रेस्क्यू में जुटी



बाहर से घरवालों ने कुंडी बंद कर दिया और वन विभाग की टीम को सूचना दी, जहां टीम रेस्क्यू करने में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 5 करीब 1 वर्ष का शावक तेंदुआ ग्राम बया के ही चैन सिंह प्रजापति के घर पालतू बतख को खाने पहुंच गया। तेंदुआ द्वारा बदक पर ▶▶ शेष पेज 13 पर

# डेढ़ दर्जन तहसीलदारों को हाईकोर्ट से मिला स्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा दो सप्ताह पूर्व किये गए तहसीलदारों के तबादले को लेकर उठा विवाद अब तक नहीं थमा है। तबादला सूची जारी होने के ठीक बाद इसमें गड़बड़ी और नियमों को ताक पर रखकर लोगों का तबादला किये जाने के आरोप लगाने वाले सिमगा तहसीलदार एवं कनिष्ठ प्रशासनिक सेवासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नीलमणि दुबे को शासन ने निलंबित कर दिया था। इसके बाद तहसीलदार दुबे सहित प्रदेश के अनेक तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार हाईकोर्ट की शरण में चले गए, जहां तहसीलदार दुबे सहित लगभग डेढ़ दर्जन तहसीलदारों को धड़ाधड़ स्टे मिल गया है। तहसीलदार नीलमणि दुबे ने बताया कि कोर्ट ने आदेश दिया है कि स्टे पाने वाले अधिकारी शासन के समक्ष 45 दिनों के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। वहीं शासन को भी आदेश दिया है कि इनके अभ्यावेदन पर विचार करने के लिए कमेटी का गठन किया जाए, जो इस बात की समीक्षा करेगी कि इनके तबादले नियम के तहत किये गए हैं या नहीं। फिलहाल ये सभी अपने मूल स्थान पर पदस्थ रहेंगे।

संघ के अध्यक्ष एवं सिमगा तहसीलदार नीलमणि दुबे ने बताया कि राजस्व मंत्रालय के जिम्मेदार पदों पर बैठे जिन अधिकारियों ने तबादला सूची जारी की है उसमें काफी गड़बड़ियां एवं खामियां थी। पहली नजर में ▶▶ शेष पेज 13 पर

### इन अधिकारियों को कोर्ट से मिला स्टे

हाईकोर्ट में तहसीलदारों ने अलग–अलग प्रकरण में अपना पक्ष रखा और इनमें से अब तक 18 से भी अधिक तहसीलदारों को कोर्ट से यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया है। इस संबंध में अब तक जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक अभिषेक राठौर बिलासपुर, नीलमणि दुबे बलौदा बाजार, पेखन टोंडरे बलौदाबाजार, प्रेरणा सिंह रायपुर, राजकुमार साहू रायपुर, राकेश देवांगन रायपुर, जयेंद्र सिंह रायपुर, राजकुमार साहू रायपुर, प्रियंका बंजारा जांजगीर–चांपा, प्रियंका टोप्पो, गुरु दत्त पंचभाई दुर्ग, सरिता मढ़रिया बेमेतरा, नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर बालोद, विपिन बिहारी पटेल, तिल्दा, रायपुर, कमलवाती, माया अंचल बिलासपुर, दीपक चंद्राकर, देवेंद्र नेताम पलारी, विवेक पटेल, सुकमा के तबादले पर कोर्ट ने स्टे लगा दिया है।

## कांग्रेस की न्याय यात्रा का स्वागत करने बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

कांग्रेस की न्याय यात्रा में होने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व सभी पदयात्री मुरा मोड़ पहुंचे, जहां टोकेन्द्र गायकवाड़ संयुक्त महामंत्री के नेतृत्व उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दीपक बैज का मुरा मोड़ पहुंचने पर भव्य बाजे गाजे व फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया।

उनके साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा, जनकराम ध्रुव विधायक बिन्द्रानवागढ़, मलकीत सिंह गेंदु प्रभारी महामंत्री कांग्रेस एवं समस्त कांग्रेसजनों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक कंचन टोकेंद्र गायकवाड़ सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, नूतन सरपंच ग्राम पंचायत मुरा, रेशम वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष मजदूर कांग्रेस खरोरा, लकेश्वर कोशले पूर्व अध्यक्ष मितान क्लब, खूबचंद वर्मा, सजय संघारे, प्रदीप मढ़रिया सरपंच बरौडा बबलू भाटिया, खूबी डहरिया, मुकेश साहू, मोहदास कोशले, धरमदास सोनवानी, पवन लहरी, दिलीप वर्मा, दादू वर्मा, राजू खूंटे, खूबीराम वर्मा पूर्व सरपंच गनियारी, दाऊ रामकुमार नायक, गुरुचरण कोशले, राजेश साहू, दसरथ साहू, बगस निषाद, छोटेलाल चेलक, विजय ढिढि एवं महिलागण सोहागा सारंग, कीर्ति कोशले, सरोजनी वर्मा, केशरी साहू, चपा ढिढि एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गांवों के चौक-चौराहों में सफाई के साथ मंदिरों में रंगोरोगन पूरा

# सजने लगे माता के दरबार, होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

नवरात्रि पर्व को धूमधाम से मनाने अंचल में स्थित मंदिर एवं चौक-चौराहा में साफ सफाई कार्य पूर्व हो चुका है। शारदीय नवरात्रि गुरुवार 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही है। मां डोंगर देवी मंदिर में विशेष रूप से मंदिर के सेवाधारी तैयारी में जुटे है। मन्दिर का रंग रोगन, साफ सफाई की जा रही है। लाइट व साउंड व्यवस्था, पूजा सामग्री, प्रचार-प्रसार, भोजन प्रसादी आदि के लिये समिति के सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत साहडा में भी नवरात्रि में विशेष प्रकार की झांकियां के लिए तरह–तरह के मंडप झरना गुफा आदि का निर्माण चल रहा है, जिसमें समस्त ग्रामवासी जुटे हैं। अश्वनी साहू ने बताया कि बरम देव दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों द्वारा कई प्रकार की झांकी लाइट डेकोरेशन आदि का कार्य चल रहा है। अभी से ही झांकी एवं लाइट की रंग बिरंगी रोशनी लोगों को आकर्षित कर रही है। हर साल प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्तगण दर्शन करने के लिए हमारे गांव आते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए इस साल भव्य रूप से झांकी प्रदर्शन एवं सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा। आने जाने वाले दर्शनार्थियों के लिए विशेष तौर पर पार्किंग आदि की व्यवस्था ग्रामीणों द्वारा की गई है।



### मां दुर्गा के साज-श्रृंगार में जुटे मूर्तिकार



**बंगोली।** गुरूवार से प्रारंभ होने वाले शारदीय नवरात्रि पर्व के लिए ग्राम कुर्रा में मूर्तिकार, जयप्रकाश धीवर मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं। उन्होंने बताया कि प्रति मूर्ति 7 से 25 हजार रूपये तक के दर्जनों मूर्ति बनाये हैं। मूर्ति स्थापना में एक दिन शेष होने के कारण सभी मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### शंकर नगर के बीटीआई मैदान पर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर

**रायपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा की ओर से 5 जोन के सफाई मित्रों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने सोमवार को शिविर लगाया गया। बीटीआई मैदान शंकर नगर में आयोजित शिविर में जोन 1, 3, 5, 8 और 9 के सफाई मित्र स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिविर स्थल पर पहुंचकर बीपी की जांच करवायी। नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर क्षेत्र में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर का निरीक्षण करने निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी पहुंचे। निगम आयुक्त ने शिविर का लाभ लेने पहुंचे सफाई मित्रों से चर्चा कर उन्हें मिल रहे योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। श्री मिश्रा ने केन्द्र व राज्य सरकार की जनहितैषी योजना के बारे में सफाई मित्रों को अवगत कराया। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अलावा विद्युत विभाग की पीएम सूर्य घर योजना का जिक्र उन्होंने किया।

### लालपुर के 100 युवाओं ने ली भाजपा सदस्यता



**रायपुर।** भाजपा ग्रामीण मंडल अंतर्गत लालपुर में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सांई रेजिडेंसी के सामने रायपुर ग्रामीण विधानसभा के विधायक मोतीलाल साहू मुख्य आतिथ्य में सुना गया। जहां लालपुर के 100 युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं विधायक श्री साहू के जनहितैषी कार्यों को देखते हुए भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य आलोक श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में लालपुर के डीएन हाइट्स के अध्यक्ष मूर्ति, सिंचाई कॉलोनी के सचिव पवन श्रीवास्तव, मुस्कान रेजिडेंसी के अध्यक्ष श्री जायसवाल, अरिहंत हाइट्स के अध्यक्ष अमित, पैराडाइज होम्स के अध्यक्ष जीतू सोनी, सौरभ जैन, केशव खंडेलवाल ने भी भाजपा

### राजीव के नाम की योजना अब पं. दीनदयाल के नाम पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश पर कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के नाम पर रही राजीव गांधी स्वालंबन योजना का नाम बदलकर अब पं. दीनदयाल उपाध्याय स्वालंबन योजना कर दिया गया है। इसी तरह राजीव गांधी आजीविका केंद्र योजना अब पं. दीनदयाल उपाध्याय आजीविका केंद्र योजना के नाम से संचालित होगी। उल्लेखनीय है कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद राज्य में कई सरकारी योजनाओं के नाम बदले गए थे। अब 2023 में भाजपा नेतृत्व की सरकार बनने के बाद इसी तरह कई योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं।

### किसान नेता टिकैत आएंगे कल, बीजापुर में किसान महापंचायत में होंगे शामिल

**रायपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता व किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ आएंगे। वे 3 तारीख को बीजापुर में आयोजित किसान महापंचायत में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। महापंचायत में दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष योगेंदर सिंह चौधरी भी शामिल होंगे। भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई बीजापुर के नेतृत्व में मिनी स्टेडियम बीजापुर में किसान महापंचायत का आयोजन 11 सितंबर को होना था, लेकिन भारी बारिश के कारण कार्यक्रम स्थगित हो गया। अब यह महापंचायत 3 अक्टूबर को होगी।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के अंतिम दिन शामिल होंगे पायलट

## चौथे दिन डॉ. महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा चौथे दिन आरंग विधानसभा के भैंसा से निकलकर धरसींवा विधानसभा में प्रवेश कर गयी। यात्रा खरोरा, माठ होते हुये रात्रि विश्राम सारागांव था। कुल 24 किमी की पदयात्रा में भैंसा से सारागांव तक यात्रा में ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों ने मंच बनाकर जगह-जगह स्वागत किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कार्यकताओं में भी यात्रा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसका उद्देश्य प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जगाना है। प्रदेश की सरकार दिशाहीन हो चुकी है। सरकार का ड्राइवर कौन है किसी को पता नहीं है, सरकार के मंत्रियों में आपस में विरोधाभास है। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती कांग्रेस की 5 साल सरकार थी जो किसानों, युवाओं, माता, बहनों और प्रदेश के हर वर्ग के लिये काम किया। ईडी, आईटी, सीबीआई कांग्रेस सरकार को बदनाम करने का काम किया। भाजपा छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा से पूरी तरह घबरा गयी है और डर गयी है।

### समापन में शामिल होंगे पायलट

चौथे दिन की यात्रा की यात्रा भैसा से सारागांव तक जायेगी और कल यात्रा सारागांव से आगे बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट 2 अक्टूबर को इस यात्रा में शामिल होंगे और साथ-साथ चलेंगे। कांग्रेस इस यात्रा को सामाजिक सौभाग्य के लिये निकाला गया है। भाजपा ने जो सोहाद्र बिगाड़ा है, उसको ठीक करने के लिये निकले है। पूरे समाज के लिये, एकता के लिये, भाईचारा के लिये हम सब पैदल चल रहे हैं।

### यात्रा को मिल रहा लोगों का रिस्पांस : महंत

*नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, छत्तीसगढ़ की न्याय यात्रा के चौथे दिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक, सांसद, पूर्व सांसद सभी लोग शामिल हुये। आम जनता और लोगों रिस्पांस बहुत अच्छा मिल रहा है। कांग्रेस की न्याय यात्रा में लोग जगह-जगह शामिल होकर अपना किसी न किसी भाव से समर्थन दे।*

***ये हुए शामिल :*** *यात्रा के चौथे दिन नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे, मोहन मरकाम, डॉ. शिवकुमार डहरिया, अमरजीत भगत, प्रेमसाय सिंह, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व सांसद छाया वर्मा, अंबिका मरकाम, अम्बिका सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू आदि शामिल हुए।*

### यात्रा की जगह-जगह स्वागत की तैयारी

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन रायपुर के गांधी मैदान पर होगा। यहां एक बड़ी आमसभा का आयोजन किया जायेगा। न्याय यात्रा के रायपुर आगमन पर शहर के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया जायेगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इसके लिए आवश्यक बैठक में प्रदेश महामंत्री मलकित सिंह गेंदू शामिल हुए। उन्होंने कहा, बैठक में रायपुर शहर के समस्त 12 ब्लॉक अध्यक्ष को यात्रा को सफल बनाने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने ब्लॉको से अधिक से अधिक संख्या मे वार्डो मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के साथ पहुंचने कहा गया है। वार्डो मे न्याय यात्रा का उद्देश्य बताने के लिए पाम्प्लेट वितरित करने की जिम्मेदारी भी वार्ड अध्यक्ष को दी गई। उन्होंने वार्डो मे न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार और यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस भवन गांधी मैदान से ई रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### हिजबुल्ला चीफ की मौत पर शिया समुदाय ने कैंडल मार्च निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिजबुल्ला चीफ नसरल्लाह की मौत पर शिया समुदाय ने रविवार को मातम मानाते हुए कैंडल मार्च निकाल कर मातम मनाया। शिया समुदाय के लोगों ने काले कपड़े पहन कर विरोध प्रदर्शन करने के साथ मातम में अपनी व्यापारिक प्रतिष्ठानें बंद रखीं।

इजराइली हमले में नसरल्लाह की मौत पर शिया समुदाय से जुड़े लोगों ने इजाराइल, अमेरिका तथा साउदी अरब के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कैंडल मार्च का आयोजन किया। कैंडल मार्च रात नौ बजे मोमिनपारा हैदरी मस्जिद से हुसैनी चौक तक निकाला गया। कैंडल मार्च में बच्चे से लेकर बुजुर्ग अपनी हाथों में हिजबुल्ला चीफ नसरल्लाह के फोटो हाथ में रखे थे। कैंडल मार्च निकालने के बाद समाज से जुड़े लोगों ने मस्जिद में मजलीस (शोक) का आयोजन किया। समाज के लोगों ने मोमिनपारा में नसरल्लाह का एक बड़ो पोस्टर भी लगाया। कैंडल मार्च में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। समाज से जुड़े लोगों ने अमन कायम करने जल्द से जल्द युद्ध रोकने की बात कही। कैंडल मार्च का आयोजन रात नौ बजे के करीब किया गया। कारोबारियों ने रविवार को सुबह से अपनी दुकानें बंद रखीं।

## नोटिस के बावजूद जमा नहीं की राशि, अब सस्पेंड की तैयारी

# 17 दुकानों में 26 सौ क्विंटल एपीएल चावल शॉर्टेज, दो बार दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एपीएल चावल में गड़बड़ी करने वाले उचित मूल्य के 17 दुकानों के संचालकों ने चावल के बदले राशि अब तक नागरिक आपूर्ति निगम में जमा नहीं कराए हैं। इस मामले में खाद्य विभाग इन दुकानों को पूर्व में दो बार नोटिस जारी कर चुका है। इसके बाद भी संचालक राशि जमा नहीं कर मनमानी कर रहे हैं। कलेक्टर ने ऐसे दुकान संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के बाद विभाग भी अब इन दुकानों पर सख्त रवैया अपनाते हुए कार्रवाई करने की तैयारी में है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी दुकानों को आखरी मौका देते हुए अंतिम बार नोटिस जारी किया है। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज चावल के बदले राशि जमा नहीं करते हैं, तो दुकानों को निलंबित कर दिया जाएगा।




### जांच में 26 सौ क्विंटल चावल माइनस मिला

अधिकारियों के अनुसार जांच में 17 दुकानों में एपीएल कोटे का कुल 26 सौ क्विंटल चावल ऑनलाइन सिस्टम में माइनस दिखा रहा है। पूछताछ पर दुकान संचालकों ने माइनस चावल के बारे में यह सफाई दी है कि स्टॉक में बीपीएल कोटे का चावल खत्म होने और नया स्टॉक समय पर नहीं पहुंचने के कारण एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिए हैं।

### बीपीएल कार्डधारकों को बांट दिया एपीएल का चावल

खाद्य विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक दुकानों में एपीएल का चावल भारी मात्रा में माइनस में मिला था, जबकि यह चावल एपीएल कार्ड धारकों को बांटा ही नहीं गया था। जांच में पता चला कि संचालकों ने एपीएल कोटे का चावल बीपीएल धारकों को बांट दिया है। इसके कारण ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस में दिखा रहा था, जबकि कार्ड धारकों ने चावल लिया है। इसकी एंट्री नहीं दिखा रही थी।

### जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करेंगे

निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों को एपीएल चावल शार्टेज मिलने पर नोटिस जारी किया है, उनमें कुछ दुकानों ने चावल के बदले राशि जमा करा दी है, लेकिन 17 दुकानों ने अब तक राशि जमा नहीं कराई है। कलेक्टर के निर्देश है चावल या बदले में राशि जमा नहीं करने वाली दुकानों को निलंबित करें। अंतिम नोटिस जारी किया गया है। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई करेंगे।

\- भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

### इन दुकानों में इतना शार्टेज मिला

| दुकान आईडी | शॉर्टेज चावल (क्विंटल में) |
|---|---|
| 441001266 | 135.32 |
| 441001274 | 70-59 |
| 441001275 | 378.69 |
| 401001290 | 276.00 |
| 441001292 | 51-41 |
| 441001295 | 123.52 |
| 441001331 | 253.35 |
| 441001332 | 44.41 |
| 441001335 | 58.97 |
| 441001338 | 101.25 |
| 441001324 | 101.25 |
| 441001253 | 21.19 |
| 441001254 | 22.62 |
| 441001836 | 139.91 |
| 441001337 | 143.16 |
| 442001346 | 351.70 |
| 441001347 | 316.50 |

*गौरतलब है कि दुकानों में शॉर्टेज चावल, शक्कर एवं नमक के मामले में विभाग ने 6 दुकान संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश भी जारी किया है। इन दुकान संचालकों को 3 बार नोटिस के बाद आरआरसी तक जारी हो चुका हैं। इसके बाद भी संचालकों ने खाद्यान्न के बदले राशि जमा नहीं किया है।*

### श्रीराम विजयादशमी के रूप में मनाएं दशहरा रावण का कद छोटा करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असत्य पर सत्य की जीत के उत्सव को श्रीराम विजयादशमी के रूप में दशहरा मैदानों पर मनाने की पैरवी रायपुर उत्तर के विधायक व जगन्नाथ मंदिर के प्रमुख पुरन्दर मिश्रा ने की है। मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक ने कहा कि पांच सौ साल इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला की स्थापना हुई है। आराध्य देव राम का स्वरूप बड़ा व रावण का कद भी छोटा किया जाना चाहिए। इससे बढ़ते प्रदूषण का ग्राफ भी कम होगा। विधायक श्री मिश्रा ने आगे कहा कि परंपरा के अनुसार कालांतर से यह रीत चली आई है कि हिन्दू पंचांग के तहत आश्विन माह शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह पहला अवसर है, जब अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनकर तैयार हुआ है। इसे देखते हुए दशहरा उत्सव का आयोजन करने वालों से आग्रह है कि वे भगवान राम के स्वरूप को बड़ा और रावण का पुतला छोटा बनाएं। इसमें होने वाली आतिशबाजी व बड़ा पुतला दहन होने से प्रदूषण भी बढ़ता है। इसे कम करने के लिहाज से यह मेरा सुझाव है। इसे मैं लोगों को मानने के लिए बाध्य तो नहीं कर सकता, लेकिन जगन्नाथ की सेवा करता हूं। मेरे मन में जो भाव आया उसे मैं आप लोगों के माध्यम से साझा कर रहा हूं, इसे लोग मानें या न मानें इसके लिए किसी को बाध्य नहीं कर सकता, इसलिए आग्रह है।

## भारतीय सेना की दूसरी टोली का कलेक्टर ने रेलवे स्टेशन पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में सैन्य शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए भारतीय सेना के 40 जवानों की दूसरी टोली सोमवार को रायपुर पहुंची। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे स्टेशन में फूलों की माला पहनाकर जवानों का स्वागत किया। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत गाकर आभार जताया।

भारतीय सेना अपनी सेना को जाने के तहत शक्ति प्रदर्शन करेगी। इसके लिए सारनाथ एक्सप्रेस से सोमवार को जबलपुर एसटीसी के 40 जवानों की टोली रायपुर पहुंची। रेलवे स्टेशन में कलेक्टर ने इन जवानों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान जवानों ने देशभक्ति गीत संदेशे आते हैं गाकर आभार जताया। भारतीय सेना के जवान नायक विशाल माने एवं नायक राजेंद्र सिंह ने चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ पहुंचने पर बड़ा गर्व महसूस हो रहा है। यहां पहुंचकर काफी अच्छा लगा। इस स्वागत समारोह में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देंवागन समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जवानों ने पोषण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान की तर्ज पर पोषण अभियान को जन आंदोलन बनाने निर्देशित किया है। इसे लेकर जिले में 1 से 30 सिंतबर तक पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह के समापन कार्यक्रम कलेक्टर की अगुआई में रेलवे स्टेशन में आयोजित किया गया, जिसमें सेना के जवानों ने भाग लेते हुए पोषण का संदेश लोगों तक पहुंचाया।

## अनुपम गार्डन में मूणत ने दिलवाई स्वच्छता की सामूहिक शपथ

### करबला तालाब का सौंदर्यीकरण अधूरा होने पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने सोमवार को राजधानी के अनुपम गार्डन में लोगों को स्वच्छता की सामूहिक शपथ दिलवाई। वहीं करबला तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को जमकर फटकार भी लगाई। पूर्व कैबिनेट मंत्री और पश्चिम क्षेत्र विधायक राजेश मूणत ने अनुपम गार्डन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित जोन के अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने फ्लाईओवर के नीचे प्रस्तावित चौपाटी के लिए चल रहे कार्यों की जानकारी ली। दोनों जगह काम की धीमी रफ्तार से वे नाराज हुए। अफसरों को उन्होंने हिदायत दी कि काम हर हाल में समय पर पूरा किया जाये। विधायक राजेश मूणत ने करबला तालाब जाकर वहां चल रहे सौंदर्यीकरण का काम देखा। सूत्रों के मुताबिक सौंदर्यीकरण का काम अधूरा होने पर संबंधित अफसरों को फटकार लगाई। श्री मूणत ने अफसरों को चेताया कि अगर इसी तरह लेटलतीफी चलती रही तो वे अपने विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों के साथ नगर निगम का घेराव करने से पीछे नहीं हटेंगे। अनुपम गार्डन में आम जनता और अफसरों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ कार्यक्रम में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, पूर्व पार्षद गोपी साहू, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक पाण्डेय, श्याम सुन्दर अग्रवाल, बजरंग खंडेलवाल, डॉक्टर शैलेश खंडेलवाल, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## डाटा एंट्री आपरेटरों ने मंत्रालय घेरने निकाली महारैली, पुलिस ने अंडरब्रिज के पास रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर से धरना स्थल में पहुंचे डाटा एंट्री आपरेटरों सोमवार को मंत्रालय घेरने धरना स्थल से महारैली निकाली। नियमितीकरण करने और 27 फीसदी वेतन वृद्धि संबंधी 2 सूत्रीय मांग को लेकर रैली निकाल रहे प्रदर्शनकारियों की भीड़ को पुलिस के जवानों ने अंडरब्रिज के पास बेरिकेड लगाकर रोक दिया। इस दौरान खासी गहमागहमी देखने को मिली। डाटा एंट्री आपरेटरों ने अपने लंबित मांग पूरा कराने जमकर नारेबाजी की। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से डाटा एंट्री आपरेटर रैली में शामिल होने तूता पहुंचे थे।

दरअसल, 18 सितंबर से डाटा एंट्री आपरेटर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बेमियादी धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि 8 सरकारी विभागों का सालों से काम करने के बाद भी सरकार यह तय नहीं कर पाई उन्हें कौन से विभाग में रखा जाए। पिछले 8 माह से डाटा एंट्री आपरेटरों को वेतन नही मिला है। इससे प्रदेश भर के 2 हजार से ज्यादा डाटा एंट्री आपरेटर के समक्ष भूखों मरने की नौबत आ गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने कहा कि विगत 17 वर्षों से कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर का विभाग तय जल्द तय कर उन्हें नियमित किया जाए। दूसरा मांग ये है, शासन के वित्त निर्देश में जारी 27 फीसदी वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाए।

### डीएड-बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी 2 को सरकार का पिंडदान करेंगे आमरण अनशन जारी

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के प्रशिक्षित अभ्यर्थी 2 अक्टूबर को सरकार का पिंडदान करेंगे। प्रदेश भर में 33 हजार शिक्षकों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर धरना दे रहे हैं। इसके साथ प्रतिदिन 4 अभ्यर्थी अपने लंबित मांग को लेकर आमरण अनशन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराने जुटे हैं। अनशन के सातवें दिन युवाओं ने भिक्षा मांग कर सरकार की वादाखिलाफी का विरोध किया।

## बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक

# नौतनवा और निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस के रीस्टोर होने से यात्रियों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिलासपुर-कटनी तीसरी रेललाइन परियोजना के अंतर्गत बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी लाइन से जोड़ने के लिए यार्ड रिमोडलिंग का काम करने के लिए रेलवे ने दो दिन पहले 26 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया था। अब फिर से रेलवे ने इनमें से 16 ट्रेनों को रीस्टोर कर चलाने की घोषणा कर यात्रियों को बड़ी राहत दी है।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि बिरसिंहपुर रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का काम तीन अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक चलेगा। इस बीच गरीब रथ, नौतनवा समेत 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को 3 दिनों के लिए रद करने के साथ ही बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को दोनों तरफ से परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया गया है।

### इस सप्ताह अजमेर और लखनऊ का सफर मुश्किल

#### परिवर्तित मार्ग से दौड़ेगी बरौनी-गोंदिया

दो से 10 अक्टूबर तक बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालघाट-गोंदिया होकर चलेगी। वहीं दो से 10 अक्टूबर तक गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-बालघाट नैनपुर-जबलपुर-कटनी-बरौनी होकर चलेगी।



#### यात्रियों को मिलेगी स्पेशल ट्रेन

इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ के अवसर पर 6 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। जिनमें 08893 गोंदिया-सांतरागाछी दुर्गा पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए-गोंदिया से 4 एवं 9 अक्टूबर, 08894 सांतरागाछी-गोंदिया, दुर्गा पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए-सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर, 08895 गोंदिया-छपरा छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08896 छपरा-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल, 2 फेरे के लिए छपरा से 4 एवं 5 नवंबर, 08897 गोंदिया-पटना छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए गोंदिया से 3 एवं 4 नवंबर, 08898 पटना-गोंदिया छठ पूजा स्पेशल 2 फेरे के लिए पटना से 4 एवं 5 नवंबर शामिल हैं।

### अक्टूबर में अब तक 10 ट्रेन रद्द

अक्टूबर में 10 ट्रेन अभी तक रद्द है, जिसमें 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ 03, 07 एवं 10 अक्टूबर और 6 को 18213 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस व दुर्ग- कानपुर 7 व 9 को रद्द रहेगी, जो रायपुर मंडल की प्रमुख ट्रेन है। अब रद ट्रेनों में से 16 ट्रेनों के एक ट्रिप को रीस्टोर कर दिया गया है। पूर्व में रद्द की गई बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 11 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी। इसी तरह से इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, रीवा-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल 11 अक्टूबर, चिरमिरी-रीवा पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर, दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 11 अक्टूबर, निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस 12 अक्टूबर से चलेगी। दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 10 अक्टूबर, नौतनवा-दुर्ग एक्सप्रेस 12 अक्टूबर, चिरमिरी-अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल 12 अक्टूबर,अनूपपुर-चिरमिरी पैसेंजर 12 अक्टूबर, कटनी-चिरमिरी मेमू स्पेशल 11 अक्टूबर और चिरमिरी-कटनी मेमू स्पेशल 12 अक्टूबर को अपने निर्धारित समयानुसार चलेंगी।

## खबर संक्षेप

### सफाई व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी

**महासमुंद।** वार्ड नं. 10 पार्षद एवं भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शहर के सभी महापुरूषों की आदमकद प्रतिमा को जल से स्नान कराकर आसपास सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए नगरपालिका के सीएमओ विजय पांडेय को कहा गया तथा उन्हें बताया गया कि गत माह भर से महापुरूषों की प्रतिमा की सफाई नहीं की गई। गत 25 सितंबर को प. दीनदयाल उपाध्याय जयंती में भी नगर पालिका प्रशासन ने कोई सफाई नहीं की थी। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जबकि, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी नगरीय निकायों को सफाई एवं स्वच्छता पखवाड़ा मनाने का निर्देश दिया गया था, जो धरातल में नहीं दिख रहा है। सीएमओ ने महापुरूषों की सभी प्रतिमाओं की साफ सफाई कराने के लिए सहमति दी है तथा विभागीय कर्मचारियों को आदेशित किया गया।

### इसाफ बैंक ने शिशु संस्कार केंद्र को वाटर कूलर किया भेंट

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में इसाफ बैंक द्वारा बच्चों को पीने का शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक वाटर कूलर मशीन प्रदान किया। वाटर कूलर मशीन भेंट एक सामान्य समारोह में प्राप्त किया। जिसमें बैंक के अधिकारीगण व स्टाफ निशांत अंशु, रमेश लहरे, आकाश महांती, मनिंदर आजमानी, हर्ष चंद्राकर, गगन ठाकुर एवं शिव कुमार उपस्थित रहे। समिति के सचिव शरद जैन एवं प्रबंधक मनोहर महांती, प्राचार्य अवनीश वानी, संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्य गुरप्रीत कौर ने भी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। अपने उद्बोधन में निशांत अंशु ने कहा कि इसाफ बैंक द्वारा इस तरह के जनहित एवं परहित में इस प्रकार सेवा कार्य होता रहता है।

### लाफिनकला में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** स्वच्छता ही सेवा है पखवाड़ा के तहत ग्राम लाफिनकला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने भी स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही स्वभाव -स्वच्छता, संस्कार-स्वच्छता का संकल्प लिया। स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता अभियान में ग्राम के सरपंच हेमिन नेतन पटेल, सचिव माधुरी सूर्यवंशी, उपसरपंच डुमन लाल साहू, पंचगण कमलेश कुमार साहू, नेहा साहू, चंद्रकला पटेल, लव कुश साहू, गैंद पटेल, युवराज

# अवैध शराब व गांजा बिक्री के खिलाफ महिलाएं हुईं लामबंद

**रैली निकालकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल






जिले के कसडोल नगर के हड़हाचौक वार्ड 7 में लगातार अवैध शराब की बिक्री, गांजा, जुआ खेलने पर वार्ड की महिलाएं लामबंद हो गई है। उन्होंने नगर में रैली निकालकर थाना प्रभारी के नाम एएसआई को ज्ञापन सौंपा है।

विदित हो कि यहां की महिलाओं ने 3 दिनों तक मीटिंग आहूत कर निर्णय लिया कि अगर वार्डों में अवैध शराब की बिक्री की गई तो पहले उसे समझाइस दी गई, जब उसके द्वारा अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं की गई, तो आज शाम सैकड़ों की संख्या में महिलाएं आक्रोशित होकर थाना पहुंची और थाना प्रभारी के नाम एएसआई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं ने कहा कि वार्ड में कोचियों द्वारा शराब की सप्लाई की जा रही है। साथ ही सुबह-शाम शराब की बिक्री बेधड़क हो रही है, जिसके कारण वार्ड का वातावरण बदतर हो गया है।

अवैध कारोबार का मासूम बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा है, जिसके कारण महिलाएं आक्रोशित है। ज्ञापन के माध्यम से महिलाओं ने पुलिस प्रशासन को चेताया कि अगर 24 घंटे के भीतर उचित और अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई तो महिलाओं द्वारा धरना प्रदर्शन सहित उचित कदम उठाने पर इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी कसडोल कौशल किशोर वासनिक पहुंचे और महिलाओं को आश्वस्त किया कि अवैध शराब की बिक्री करने वालों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी तरह की समस्या आने पर सीधे उनके पास शिकायत की जा सकती है। इसके बाद महिलाएं शांत हुई।

आंदोलन में बुधवारा, नीलिमा यादव, रामबाई, पंचकुशी, मोगरा, रामेश्वरी, सीताबाई, सुमित्रा, केजा, टिकेतीन, कमलेशवरी, सुनीता, सविता कर्ष, रुखमनी, सरिता कर्ष, संगीता, ललिता, गौरीबाई, पुनीबाई, रामकुवार, भूखीनबाई, पूर्णिमा, सुनीता कैवर्त, बोटबाई ध्रुव, रजनी, रामबाई, ननकी बाई, मीराबाई, सुशीला बाई, नारिमाती पटेल, कौशिल्या, इंदुबई, चम्पा, सुनीता, उर्मिला, निरपति, रुक्मणी साहू, चन्द्रिका, सरिता साहू, नेहा, कमल कैवर्त, रामकुमारी, पार्वती, गनेशिया, सरस्वती, लक्ष्मीन, कशरबाई, उमा, समारीन, सुक्रिता, तुलसी, अमरीका, लक्ष्मीन साहू, सुक्रिता बाई, जमुना साहू, अनुराधा सहित तमाम महिलाएं मौजूद रही।

**कोचियों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

अवैध शराब की बिक्री को लेकर महिलाएं थाना पहुंची हुई थी, अवैध शराब बेच रहे कोचियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।
कौशल किशोर वासनिक, एसडीओपी, कसडोल

**सुबह-शाम बिक रही शराब**

वार्डों में सुबह शाम शराब बिक रहा है, समझाने के बाद भी लोग नहीं समझ रहे हैं, इसलिए 3 दिन मीटिंग आहूत कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो हम महिलाएं उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।
-**अनुराधा कर्ष,** शिकायतकर्ता महिला

# स्वच्छता अभियान में निकाली जागरुकता रैली



**पलारी।** स्वच्छता ही सेवा, स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अंतर्गत, चलने वाले अभियान के तहत 1 अक्टूबर को नगर पंचायत रोहासी के शीतलामाता चौक, ठाकुर दिया चौक, नीम चौक, राममंदिर चौक, महामाया चौक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक परिसर में जागरूकता अभियान तथा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजीव रंजन श्रीवास्तव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता, स्वच्छता अधिकारी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, सफाई मित्र, नगरवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की रूपरेखा कल्पना भगत, कार्यकम अधिकारी, सोनार देवरी ने दी तथा कार्यक्रम का समन्वय दिनेश साहू, प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी रोहंसी ने किया। इसमें सोनार देवरी तथा रोहांसी इकाई के 102 स्वयंसेवक समिलित थे।

### स्वच्छता अभियान में प्रदर्शनी एवं आनंद मेले का आयोजन

**बलौदाबाजार।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका द्वारा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं पार्षद व सभापति संकेत शुक्ला, पार्षद कमल टण्डन द्वारा कबाड़ के जुगाड़ कार्यक्रम का शुभारंभ नगर भवन में किया गया। मणिकंचन केन्द्र में कार्यरत स्वच्छता दीदीयों द्वारा आमंत्रित अतिथीगणों के सम्मान पश्चात विभिन्न प्रकार के माडल, गाड़ी व फ्लावर व झुमर का अवलोकन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरूप लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता करने प्रदर्शनी एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। स्वच्छता दीदीयों द्वारा कचरा सामाग्री से खुबसूरत फूल एवं झुमर खराब उपयोगहीन झिल्ली एवं पानी के बाटल से तैयार किया गया था, को प्रदर्शित किया गया। गुरुकुल स्कूल के बच्चों द्वारा चंद्रयान, तारामंडल व पोछा लगाने प्रशंसा की गई व स्वच्छता दीदीयों द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने 'स्वच्छता मेला आनंद मेला' का आयोजन भी किया गया। इसमें स्टाल के माध्यम से छत्तीसगढ़ी पारम्परिक व्यंजन एवं सामग्री तैयार की गई थी, जिसका जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा आनंद मेला भ्रमण किया व बने व्यंजनों की सराहना की गई।

# श्रमदान कर छात्रों ने ली स्वच्छता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विकासखंड तिल्दा-नेवरा अंतर्गत संकुल पचरी के विद्यालयों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का समापन आज होगा। इसके तहत बिंदुवार गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय पचरी के छात्रों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों को आमंत्रित कर स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इसी प्रकार प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला आलेसूर, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हारी, प्राथमिक शाला मधईपुर, नहरडीह एवं छड़िया में भी शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य प्रकाश चंद्र गिलहरे, समन्वयक कांत कुमार एवं छड़िया के शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि शपथ दिवस पर हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान कर स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करना, न गंदगी करूंगा और न किसी को करने दूंगा, सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरुआत करूंगा, मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि यहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। आज जो शपथ ले रहा हूं वह अन्य सौ व्यक्तियों से भी करवाऊंगा कि वह भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दे इसके लिए प्रयास करूंगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

■ संकुल पचरी के विद्यालयों में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

# श्रमजीवी पत्रकार संघ ने रखी कई मांगें, सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई व प्रदेश उपाध्यक्ष अब्बास अली के मार्गदर्शन में जिलाध्यक्ष गोल्डी नायक ने जिले के पत्रकार साथियों के साथ 11 बिंदुओं पर पत्रकार हित को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ शासन के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में प्रमुख रूप से पत्रकार कल्याण कोष की राशि बढ़ाकर पांच लाख किया जाए। सम्मान निधि योजना में अधिमान्यता की शर्त समाप्त हो ताकि ग्रामीण साथियों को भी लाभ मिले। सम्मान निधि की राशि 15 हजार की जाए। पत्रकार साथियों के सुरक्षा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने एक समिति गठित की थी, उसका पुनर्गठन हो, उस समिति को अधिकार दिया गया था कोई भी पत्रकार साथी के विरुद्ध अपराध दर्ज होने पर बिना उच्चस्तरीय जांच के चालान पेश नहीं किया जा सकता था। साप्ताहिक, मासिक समाचार पत्र के संपादक को भी अधिमान्यता दी जाए। प्रदेश में पत्रकारों के लिए भी टोल टैक्स फ्री हो। प्रदेश के विश्राम गृह में पत्रकारों के लिए आरक्षण की सुविधा हो। शहर की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी वर्ष में दो बार भ्रमण करवाया जाए। वेज बोर्ड के नियमों के अनुसार प्रदेश के पत्रकारों व ग्रामीण संवाददाताओं को भी वेतन दिलवाने श्रम विभाग कार्यवाही करें। शासकीय विज्ञापनों में प्रदेश के अखबारों, स्थानीय चौनल को प्राथमिकता दी जाए। रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालय कस्बों में पत्रकारों को न्यूनतम दर पर जमीन दिये जाने की मांग शामिल हैं।

# युवा संसद स्पर्धा में स्कूल बनी विजेता



**पलारी।** विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसुंन्द्रा में विगत दिनों किया गया। युवा संसद प्रतियोगिता में दो टीम ने भाग लिया, जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसुंन्द्रा एवं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दत्तरेंगी की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को संसदीय प्रक्रिया से अवगत करना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास कराना है। प्रतियोगिता में विशेष रूप विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एन वर्मा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सतीश माहेश्वरी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनके वर्मा, प्राचार्य रोहित जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के विकासखंड नोडल अधिकारी एवं जज हेमराज हरबंश व्याख्याता सजेस अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय छेरकापुर, जज के रूप में उमेश्वर वर्मा व्याख्याता एवं जज जीतेन्द्र कुमार आडिल व्याख्याता उपस्थित रहे। दोनों विद्यालय की टीम ने अपनी बेहतर प्रस्तुति दी।

# जपं सदस्य ने छात्रों को दी खेल सामग्री



**भवानीपुर।** विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव में प्राथमिक शाला के बच्चों के लिए खेल सामग्री का वितरण जनपद पंचायत सदस्य ने 15 वें वित्त की राशि से किया।

सभा में ईश्वरी बांधे ने बच्चों से कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ–साथ विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि रखना भी बहुत जरूरी है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और शरीर का विकास होता है। उन्होंने कहा कि मैं क्षेत्र के प्रति विकास एवं उनके सेवा में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष गनेश्वरी बेजार, सरपंच कांति बाई कुर्रे, प्रधान पाठक भूपेन्द्र कुमार तेहरवंश, विनोद कुमार डाण्डेकर, लता साहू, सुखी दाम मानिकपुरी, उत्तरी भोसले सहित ग्रामीण एवं शाला विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# भोट्कुल खेल को समग्र के चर्चा पत्र में मिला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा प्रदेश के नवाचारी शिक्षकों द्वारा किये जा रहे नवाचारी गतिविधियों को संकलित कर प्रतिमाह चर्चा पत्र का प्रकाशन किया जाता हैं, ताकि प्रदेश के अन्य शिक्षक आपस में अकादमिक चर्चा के माध्यम से उन नवाचारों को अपने अपने शाला में लागू कर सके। इस माह का चर्चा पत्र जादुई पिटारा पर आधारित है। जादुई पिटारा एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा अनुसंशित व निर्मित है। इसे ही छत्तीसगढ़ के सन्दर्भ में स्थानीय सामग्रियों को सम्मिलित करते हुए अपने शाला में उपयोग करना है। इस माह के चर्चा पत्र में बलौदाबाजार जिले से एकमात्र सिमगा ब्लॉक से टीएलएम शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की नवाचारी व सक्रिय शिक्षिका भारती वर्मा के आंचलिक खेल भोट्कुल को स्थान दिया गया है। पूर्व में भी शिक्षिका के खेल खिलौना संग्रहालय को चर्चा पत्र में स्थान मिल चुका है। शिक्षिका द्वारा स्थानीय व आंचलिक खेल भोट्कुल को जादुई पिटारा में शामिल किया गया है। इस खेल के माध्यम से शिक्षिका द्वारा बच्चों को गणितीय संक्रियाओं जैसे गिनती, जोड़ना, घटाना, गुणा व भाग को सरलता के साथ सिखाया जाता है।

# चलित थाने में ग्रामीणों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



सरसींवा थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर में चलीत थाना लगाया गया। इसमें भगवती प्रसाद कुर्रे, कन्हैयालाल खुटे हवलदार उपस्थित होकर ग्रामीणों को कानूनी सलाह देते हुए कहा कि आप सभी को सतर्क रहना है। यदि कोई मोबाइल से आपका आधार पैन कार्ड मांगते हैं तो आपको नहीं देना चाहिए, यदि बैंक के मैनेजर या आर्मी के आदमी बताकर आपके पास कोई ओटीपी मांगता है तो भी सावधान रहे। लड़की की उम्र 18 साल एवं लड़का 21 साल पूर्ण होने पर विवाह करने के लिए समय तय करना चाहिए। समय के पहले शादी करते पाए जाने पर दोनों पक्ष के मां–बाप पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अन्य राज्य कोई फेरीवाला आता है तो उनसे सावधान रहिए, क्योंकि ये लोग चोर या जासूसी व्यक्ति हो सकते हैं। अनजान व्यक्ति के पास कोई महिलाएं अपनी सोना-चांदी जेवर की सफाई करने के लिए ना दे। कोई वाहन चलाते समय नशापान ना करें, यदि ऐसे पाए जाते हैं तो उन पर 10 हजार का जुर्माना न्यायालय द्वारा किया जाएगा। दो पहिए वाहन चलाते समय हेलमेट उपयोग कीजिए, ताकि आप लोग सुरक्षित रहेंगे। बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर 300 के जुर्माना किया जाएगा। गांव में कोई व्यक्ति शराब गांजा या कोई भी प्रकार के नशीला सामान भेजता है, तो थाना को सूचना करना चाहिए। हम लोग उस अपराधी को पकड़ कर उचित कार्रवाई करेंगे। भगवती कुर्रे ने कहा कि यदि महिलाओं पर किसी भी प्रकार के कोई अन्याय करता है तो हमें तुरंत मोबाइल से सूचना दे, कि हम उन पर कार्रवाई कर सके। बच्चों को मोबाइल से फ्री फायर खेलने से बचाए। कार्यक्रम में टेकलाल साहू, राम दयाल साहू, नारायण प्रसाद साहू, भागवत पांच, विशेषर साहू, प्रेमलाल साहू, डीआर टंडन, निकराम टंडन, गेंदराम साहू एवं ग्रामीण शामिल थे।

## पेज 11 के शेष

### बीईओ के...

देवांगन के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे शासन को लाखों रुपए की क्षति हो रही है। साथ ही शिक्षकों के मुख्यालय में नहीं रहने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होना भी बताया जा रहा है। इसीलिए शासन को विधिवत अवगत कराने के पश्चात धरना एवं भूख हड़ताल आरंभ किया गया है, जो विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन की निलंबन की कार्यवाही तक जारी रहेगी।

### दुर्गा उत्सव के...

व्यवस्था कर ले, साथ ही वालिंटीयर को रस्सी, टार्च इत्यादि मुहैय्या कराए। उन्होंने जो बाहरी लोग फेरी या अन्य कामों को लेकर गांव गांव घुमकर काम करते हैं, ऐसे लोगों पर नजर रखे तथा उनका फ्रिंगर प्रिंट और फोटो अवश्य ले। संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। वहीं नवरात्रि और दशहरा में होने वाले बड़े कार्यक्रम के लिए जानकारी देने की बात कही गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम किया जा सके।

### बतख खाने पहुंचा...

हमला करने से पास में सो रहे कमरे बतक घुस गया, उसके पीछे-पीछे तेंदुआ भी कमरे के अंदर चला गया जहां पूरा भरा परिवार सो रहा था। अचानक हल्ला मचाने पर परिवार जाग और सब बाहर निकले और तुरंत दरवाजा बंद किया। इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिस पर वन मंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल देवपुर रेंजर पुष्पेंद्र साहू, बार रेजरसुनील खोब्रागढ़े के साथ वन हमला तेंदुआ को घर से बाहर तो निकाल लिया मगर पास की झाड़ी में ही छुप गया है, जिसे वन विभाग की टीम पकड़ने में जुटी थीं। हालांकि काफी मसक्कत के बाद भी तेंदुए का शावक पकड़ में नहीं आया। इधर सूचना पर सुबह से ही बया पुलिस चौकी प्रभारी नवीन शुक्ला अपने स्टाफ लेकर वहां पर डटे हुए थे। लोगों को उस मकान के आसपास में दूर रहने का सलाह देते रहे। ज्ञात हो की 2 माह पहले बया आजाद चौक के पास भालू आ गया था, वहीं अब जंगली जानवर गांव की तरफ रुक करते नजर आ रहे हैं।

### डेढ़ दर्जन तहसीलदारों ...

ही ऐसे तबादलों पर स्टे मिलने की प्रबल संभावना थी। इसमें कई नायब तहसीलदार ऐसे थे जिन्हें प्रोबेशन पीरियड में ही तबादले पर भेज दिया गया। इसके आलावा कई ऐसे तहसीलदार थे जिन्हें पूर्व में तबादले पर भेजे साल–दो साल भी नहीं हुआ था, जबकि शासकीय नियमों के तहत किसी भी तबादले के 3 वर्ष के बाद ही दोबारा स्थानांतरण करने का प्रावधान है। नीलमणि दुबे ने बताया कि वे खुद इसका शिकार हुए हैं उन्हें बलौदाबाजार जिले में ही 4 बार तबादले पर यहां से वहां भेजा गया और पांचवीं बार उनका तबादला मोहला-मानपुर कर दिया गया। इसी तरह जिलों से बाहर भेजे गए तहसीलदारों के मुकाबले उस जिले में कम तहसीलदारों को पदस्थापना की गई। इस तरह की खामियों के चलते प्रदेश भर से कई तहलीदार और नायब तहसीलदार हाई कोर्ट की शरण में चले गए।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण के लिए मिली 109.483 लाख की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण (डामरीकरण कार्य) एवं मरम्मत कराये जाने के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से राज्य सरकार द्वारा चार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 109.483 लाख की स्वीकृति मिली है। इसके तहत खराब हो चुकी पुरानी सड़कों का नवीनीकरण (डामरीकरण) कार्य कराया जायेगा। उक्त स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व पंचायत मंत्री विजय शर्मा के प्रति शिवरतन शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

विदित है कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है, तब से भाटापारा विधानसभा में शिवरतन शर्मा के प्रयासों द्वारा लगातार करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र वासियों को मिल रही है। इसी कड़ी में भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम सेमरिया से मुख्यमार्ग तक 0.78 किलोमीटर के लिए 12.49 लाख, सूरजपुरा से मुख्यमार्ग 0.52 किलोमीटर के लिए 15.733 लाख, बोरसी से पाटन 1.80 किलोमीटर के लिए 37.45 लाख एवं सुमा से तरेंगा 2.70 किलोमीटर के लिए 43.77 लाख की राशि राज्य सरकार द्वारा शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्राप्त कर ली गई है। इसकी निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर लिया जायेगा।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित ग्रामीण सड़कों का होगा कायाकल्प

### डबल इंजन की सरकार विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रही

उक्त स्वीकृत पर चर्चा करते हुए शिवरतन शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, जिसके लिए डबल इंजन की हमारी सरकार भिन्न-भिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन कर रही है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि वर्ष 2000 में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को आरंभ किया था। इस योजना के माध्यम से भारत के प्रत्येक गांव में पक्की सड़क बनवाई जाती है।



### ग्रामीण सड़कों को शहरी मार्ग से जोड़ना है इस योजना का मुख्य उद्देश्य

शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों को शहरी क्षेत्र की सड़कों से जोड़ना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे नागरिकों को शहरों में जाने में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। शिवरतन शर्मा ने बताया कि भाटापारा विधानसभा की सभी सड़कों को मुख्यमार्गों से पूर्व में ही जोड़ा जा चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता। उक्त स्वीकृति के लिए पार्टी पदाधिकारियों सहित ग्रामीण अंचल के लोगों ने उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### थलसेना अग्निवीर के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रारंभ

**बलौदाबाजार।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण बलौदाबाजार जिले के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण स्टेडियम ग्राउण्ड कलेक्टोरेट के पीछे बलौदाबाजार में सुबह 6 से 8 बजे तक आयोजन किया जा रहा है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है, वें प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 1 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक आयोजित की जायेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के संबंध में अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### दो प्रतिभावान छात्र सम्मानित



**हथबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग रायपुर द्वारा बलौदाबाजार जिले का शैक्षणिक सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। इसमें जिले के 123 अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को आयोग के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा उपाध्यक्ष हफीज खान जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार कार्यालय के सहायक संचालक बीआर पटेल ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिंह भेंटकर सम्मानित किया। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथबंद के 2 प्रतिभाशाली बच्चे जोया कुरैशी पिता जहीर कुरैशी, अशरफ खान पिता शरीफ खान विद्यालय से सेवानिवृत हेडमास्टर मुबारक हुसैन और व्याख्याता पंकज राठौर के साथ सम्मानित हुए। विद्यालय की इस उपलब्धि के लिए संस्था प्रमुख चन्द्रकुमार नायक ने दोनों बच्चों बधाई दी है।

## जनदर्शन में अलग-अलग प्रकरणों के मिले 87 आवेदन

# जन चौपाल के आवेदनों का समय सीमा में होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर दीपक सोनी ने आम लोगों की समस्याओं, शिकायतों को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को निराकरण करने निर्देशित किया। जन चौपाल में अलग–अलग समस्याओं के निराकरण के लिए 87 आवेदन प्राप्त हुए।

कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में ग्राम पंचायत सुनसुनिया के ग्रामीणों द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया के शिक्षक आशीष मरावी के स्कूल नहीं आने की शिकायत के संबंद्ध में आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह डोंगरीडीह निवासी द्वारा शासकीय हाई स्कूल डोंगरा को हायर सेकंडरी में उन्नयन करने हेतु आग्रह कलेक्टर से किया, जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



### अतिक्रमण हटाने ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

इसके अलावा जनदर्शन में स्वास्थ्य उपचार, नए राशन कार्ड निर्माण, रोजगार की मांग, सड़क नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलवाने, सीमांकन कराने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार समय सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पटवारी के हल्का में नहीं रहने की शिकायत

इसी तरह भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत हसदा के ग्रामीणों द्वारा गांव में पदस्थ पटवारी हल्का नम्बर कमल नारायण कन्नौजे के मुख्यालय में नहीं रहने एवं भाटापारा में निवासरत होने के संबंध में शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम भाटापारा को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मुड़पार म के ग्रामीणों द्वारा पूर्व माध्यमिक शाला में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत कसडोल को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर जानकारी देने निर्देशित किया।

# न्याय यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में लगातार पदयात्री बनकर यात्रा करने वाले प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने बताया कि प्रदेश में बिगड़ती क़ानून व्यवस्था के चलते भाजपाई नेता प्रदेश में सरकार चलाने में असफल साबित हो गए है। सरकार के मुख्यमंत्री और मंत्री कुंभकर्णीय नींद में सोये हुये हैं। हमारा प्रदेश शांति के टापू से हटकर अब इस भाजपा सरकार में अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है। सुशील शर्मा ने बताया 27 सितंबर इस न्याय यात्रा का समापन 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन रायपुर के गांधी मैदान में होगा। इस समापन सभा में भाग लेने बलौदाबाज़ार ज़िला के सभी ब्लॉकों से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता रायपुर सभा में सम्मलित होंगे।

पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के अतिरिक्त प्रमुख रूप से यात्रा में शामिल प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, सतीश अग्रवाल, ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव, अशोक ध्रुव, ज़िला सचिव सचिन शर्मा, त्रिलोक सलूजा, आलोक मिश्रा, शरीफ ख़ान, कमल ठाकुर, बृजेश अग्रवाल, मुकेश हेंवर, सुरेंद्र यदु, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, गेंदू साहू, मुकेश साहू, गोपाल शर्मा, नंदू साहू, सत्यजीत शेण्डे, शदाब जालियावाला, अक़ीब मेमन, अल्ताफ़ ख़ान, राजेंद्र वर्मा, लुकेश यदु, हरीश लहरे, शशांक चौबे, अभिनय शर्मा, निर्मल साहू सहित सैकडों नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए।

### ग्रामीण क्षेत्र में मिल रहा जबरदस्त समर्थन

चारों ओर अशांति ही अशांति है। जनता जनार्दन त्राहि त्राहि कर रही है। इस अशांत वातावरण के ख़िलाफ़ नगर और ग्रामीण क्षेत्र के नवजवान, पुरुष, महिलाएं सड़क पर निकल कर अपना समर्थन दे रही है। कांग्रेस पार्टी की न्याय यात्रा में प्रतिदिन हजारों की तादाद में जनता जनार्दन शामिल होकर अपना सहयोग कांग्रेस पार्टी को दे रही है। जगह-जगह ग्रामीण जन स्वागत कर इस न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बना रहे हैं। न्याय यात्रा में प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद ज्योत्सना महंत, फूलोदेवी नेताम, विधायक इंद्र साव, संदीप साहू, कविता प्राणलहरे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस बाबा, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, डॉ. प्रेमसाय सिंह, रवींद्र चौबे, अमरजीत भगत, डॉ. शिव डहरिया सहित पूरे प्रदेश के सभी ज़िला के विधायक एवं कांग्रेस के प्रदेश, ज़िला, ब्लॉक के पदाधिकारीगण सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल होकर यात्रा को सफल बना रहे हैं।

# नशा समाज और परिवार के लिए है घातक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- यह लत हमारे जीवन को कर देती है नष्ट
- नई दिशा अभियान के तहत नवीन महाविद्यालय में हुई कार्यशाला



जिले के युवाओं को नशा से बचाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत वटगन स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अरविंद गेडाम ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है, जो हमारे समूल जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ समाज पर बोझ बन जाता है। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चला रही। तलब है कि मादक द्रवों के सेवन की समस्या से निपटने और भारत को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2020 को नशामुक्त भारत अभियान की शुरुवात की गई। इसके तहत देश में नशीली दवाओं के उपयोग के मामले में सबसे अधिक संवेदनशील 272 जिला की पहचान की गई। इस कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को नशा से दूर रहने के नियम और नीति पूर्ण बातों का जानकारी देते हुए बचे रहने की सलाह भी दिये। इस अवसर पर उपसंचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम, मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, सखी वन स्टॉप सेंटर सुश्री तुलिका परघनिया सहित समाज कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# वृद्धजन दिवस पर 155 बुजुर्ग हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- श्रीफल एवं साल भेंट कर किया सम्मान



समाज कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को नगर भवन में बुजुर्गों का सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इसमें विभिन्न विकासखंड से आएं 155 बुजुर्गों का सम्मान फूल, श्रीफल एवं साल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी वृद्धजनों से मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की बधाई देते हुए उनके हाल चाल का जायजा लिया। उक्त कार्यक्रम में सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति अभियान एवं पारिवारिक विवाद के संबंध में जानकारी दी।

इस अवसर पर 34 किसानों को खरीफ वर्ष का बीमा पालिसी प्रदान की गई है। इस मौके पर उप संचालक कृषि दिलीप नायक, सखी वह स्टॉप सेंटर से सुश्री तुलिका परगाहनिया, स्वास्थ्य विभाग को टीम सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पूर्वजों की याद में बच्चों को कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



संकुल केन्द्र मोहरेंगा के नवीन प्राथमिक शाला में पितर पर्व पर पूर्वजों को याद में जय दुर्गा मां स्व सहायता समूह मोहरेंगा और शाला के शिक्षकों ने बच्चों को न्योता भोज कराया। इसमें बच्चों को खीर, पूरी, बड़ा और छोले सब्जी परोसी गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में नवीन शाला के रसोइये उत्तरा वर्मा, अरुणा मानिकपूरी, पालक भगवती साहू, शिक्षिका जमुना साहू और शिक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा का विशेष योगदान रहा।

### स्वदेशी जागरण सप्ताह में हुई अनेक स्पर्धाएं

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंडित दीनदयाल की जयंती पर स्वदेशी जागरण सप्ताह व स्वच्छ भारत मिशन के तहत 2 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें कक्षा द्वादश से कक्षा षष्ठ तक के छात्रों ने चित्रकार रंगोली व स्वदेशी वस्तुओं की उपयोगिता पर प्रत्येक दिन कक्षाश एक कार्यक्रम आचार्य और एक–एक छात्रों द्वारा दिया गया। प्राचार्य द्वारा स्वदेशी का महत्व बताया गया एवं कक्षा सप्तम की छात्राओं द्वारा स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के बारे में उद्बोधन दिया गया।

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का निःशुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर